साई कॉलेज , सेक्टर 6 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद ग्राम हनोदा, दुर्ग में पोषण आहार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भिलाईनगर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई साईं कॉलेज सेक्टर 6 के द्वारा आज गोद ग्राम हनोदा, दुर्ग में पोषण आहार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत ग्राम वासियों को घर-घर जाकर पोषण आहार के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पोषण आहार एवं स्वच्छता संबंधी रैली का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासियों के साथ-साथ ग्राम के सरपंच तेजराम चंदेल जी भी शामिल हुए यह रैली पंचायत से प्रारंभ हो कर ग्राम की गलियों से होते हुए पंचायत भवन आकर समाप्त हुई।

स्वयंसेवकों के द्वारा पोषण आहार जागरूकता एवं गुड टच बैड टच संबंधी ग्राम के चौराहे पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम के लोगों को गुड टच और बैड टच एवं पोषण आहार संबंधी जानकारी दी गई नुक्कड़ नाटक में ग्राम के बच्चे भी सम्मिलित हुए।

संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्राम सरपंच तेजराम चंदेल जी के द्वारा हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी, कॉलेज प्रबंधन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विमल कुमार एवं स्वयंसेवको की प्रशंसा की गई। यह संपूर्ण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के मार्गदर्शन, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देशबंधु तिवारी, कॉलेज प्रबंधन एवं वरिष्ठ स्वयंसेविका कुमारी भामा, कुमारी प्राची, वरिष्ठ स्वयंसेवक भावेश देशमुख, सुनील कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों का महत्व पूर्ण सहयोग रहा।

विज्ञापन